पूर्व मंत्री डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भरतपुर, (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र प्रेषित कर भरतपुर संभाग मुख्यालय स्थित कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय को भरतपुर में ही यथावत रखने का आठाह करते हुये कहा कि यदि आवश्यक हो तो सवाई माधोपुर में अलग से नवीन कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय खुलवाया जाये ताकि भरतपुर के अल्प वेतन भोगी मजदूरों व श्रमिकों को चिकित्सा सेवा में किसी तरह की परेशानी न हो। डॉ गर्ग ने मुख्यमंत्री लिखे पत्र में बताया कि भरतपुर के सुपर मार्केट स्थित कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय न. 2 में करीब 4500 श्रमिक बीमित हैं और लगभग 16000 उनके परिवारजन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि भरतपुर संभाग मुख्यालय स्थित इस औषधालय को भरतपुर से सवाई माधोपुर में विस्थापित किया जा रहा है। यदि भरतपुर संभाग मुख्यालय से यह औषधालय विस्थापित होता है तो श्रमिक एवं अल्प वेतन भोगी मजदूर व उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य सम्बन्धि सुविधा प्राप्त करने के लिये परेशान होना पडेगा। उन्होंने कहा कि बीमित श्रमिकों और उनके परिवारजनों के हितों को ध्यान में रखते हुये इस औषधालय को भरतपुर में ही यथावत रखा जाये।

भाजपा सरकार की विफलताओं व कांग्रेस संगठन की मजबूती पर चर्चा

करौली । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के सचिव एवं राजस्थान के सह प्रभारी चिरंजीवी राव ने करौली जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

करौली शहर के भट्टा सर्किल स्थित भंवर विलास मैरिज गार्डन मे आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान आगामी

> ■ 'भाजपा सरकार ने प्रदेश में हर वर्ग को निराश किया है। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह विफल रही है'

पंचायत चुनावों की रणनीति, भाजपा सरकार कि विफलताओं और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। चिरंजीवी राव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में हर वर्ग को निराश किया है।

महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। आम जनता से किए गए वादे अधूरे रह गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे पंचायत चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ भाग लें और कांठोस कि नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। संगठन कि मजबूती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय और संवाद बढ़ाते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना होगा। कांठोस की मजबूती से ही प्रदेश में बेहतर जनसेवा संभव हो सकेगी। प्रेस वार्ता के दौरान चिरंजीवी राव ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण प्रदेश में असंतोष का माहौल है। कांठोस पार्टी जनता की आवाज को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। इस मौके पर जिला कांठोस अध्यक्ष शिवराज मीना, पीसीसी सचिव प्रद्युम्न सिंह, भूपेन्द्र भारद्वाज, जोगिंद्र सिंह,पुष्पेंद्र धाबाई, पुष्पेंद्र मीना, राजीव शुक्ला, पीसीसी सदस्य महेंद्र सूरौठिया, शीशराम खटाना, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठन और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष,पदाधिकारी और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

करौली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के सचिव एवं राजस्थान के सह प्रभारी चिरंजीवी राव ने करौली जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

अस्पताल को दी 6 लाख की आधुनिक एक्स-रे मशीन

करौली । करौली के सामान्य चिकित्सालय मे रोगियो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने का रास्ता साफ हो गया है। कैलादेवी और मदन मोहनजी मंदिर ट्रस्ट ने चिकित्सालय को 500 एमए कि मॉडर्न एक्स-रे मशीन भेंट की है। मंदिर के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शिलापट्टिका का अनावरण कर मशीन का लोकार्पण किया।

सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा के अनुसार, पहले अस्पताल में 300 एमए और 100 एमए कि दो मशीनें थीं जो 20-25 साल पुरानी होने के कारण बार बार खराब हो जाती थीं। इससे रोगियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बीमारी के मौसम में प्रतिदिन 150-200 और सामान्य दिनों में 100-150 मरीजों को एक्स-रे कि आवश्यकता होती है। उन्होने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा दी गई लगभग 6 लाख रुपए की यह नई मशीन आधुनिक तकनीक से लैस है। इससे सभी प्रकार के एक्स-रे अधिक तेजी से किए जा सकेंगे। कार्यक्रम में चिकित्सालय के डिप्टी कंट्रोलर डॉ. आशीष शुक्ला,वरिष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ. गोविंद गुप्ता, पूर्व डिप्टी कंट्रोलर डॉ. भुवने'ा बंसल सहित कई अन्य चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

श्रमदान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया

कुम्हेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौटी में आज मौनी अमावस्या के दिन गांव वासियों ने श्रमदान किया।

भरतपुर (निस)। कुम्हेर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीठौटी में आज मौनी अमावस्या के दिन गांव वासियों ने श्रम दान किया। जिला परिषद सदस्य कुँवर गोरधन सिंह रीठौटी ने बताया की पिछले कई सालों से गांव के विद्यालय में फोर्थ क्लास कर्मचारी की जगह खाली पड़ी हुई है इस कारण विद्यालय में साफ सफाई की बड़ी समस्या आती है। मैं सरकार से मांग करता हुँ की जल्द से जल्द विद्यालय में फोर्थ क्लास कर्मचारी की नियुक्ति की जाये। विद्यालय में श्रम दान में गांव वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें जिला परिषद सदस्य कुँवर गोरधन सिंह रीठौटी, पूर्व पंच प्रताप सिंह, पंच सुन्दर सिंह, मुकेश ऊदल सिंह, मोरा पहलवान आदि ने विद्यालय में श्रम दान किया।

एस.डी.ओ. को सौपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी । प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर युवा मित्र संघर्ष समिति ने नौकरी बहाली को लेकर एसडीएम विजेन्द्र मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर अटल प्रेरक के रूप में नियुक्ती देने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष संजय मीणा के अनुसार, पिछले साल सरकार द्वारा युवा मित्रों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं, जिससे सैकडों परिवार प्रभावित हुए। इस फैसले के विरोध में युवा मित्रों ने शहीद स्मारक पर 72 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया। 16 मार्च 2024 को मुख्य सचिव सिद्धार्थ सिहाग, आयोजना विभाग के तत्कालीन मुख्य सचिव नवीन जैन, जयपुर कलेक्टर और पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ की उपस्थिति में उन्हें पुनर्बहाली का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, अभी तक न तो उनकी बहाली हुई है और न ही उन पर दर्ज मुकदमे वापस लिए गए हैं। अब युवा मित्रों ने एक नया प्रस्ताव रखा है। वे चाहते हैं कि उन्हें सरकार की नई पहल अटल प्रेरक योजना के तहत समायोजित किया जाए। उनका कहना है कि वे केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही पूर्व सरकार के समय दिए गए प्रशिक्षण एंव अनुभव के आधार पर भी युवा मित्रो को इस कार्य का ज्ञान है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मनीष सैनी, कपिल, लोकेश जोरवाल, हवीव, रिंकू सैनी, घीरज मीना सहित कई सदस्य मौजूद थे।

निशक्तजनों की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । निसक्तजन जागरण मंच के तत्वाधान में बुधवार को सुबह 10० बजे से पंचायत समिति राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष अमजद खान व तहसील अध्यक्ष जगदीश बेरबा ने बताया कि मीटिंग में उपस्थित निसक्तजनो को विभिन्न सरकारी योजनाओं खाद सुरक्षा, प्रधान मंत्री आवास योजना, पेंशन, आयुस्मान कार्ड, यू डी आई डी कार्ड, रेलवे व रोडवेज पास, ई श्रम कार्ड, पालनहार आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर फॉर्म तैयार करवाए गए। बैठक के दौरान उपस्थित निसक्तजनो की समस्याओं पर चर्चा कर समस्या समाधान की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में सभी निशक्तजनो ने राज्य सरकार से गंगापुर सिटी को पुनः जिला बनाए जाने की मांग की। मीटिंग में उपस्थित जन गोपी, गिर्राज, योगेंद्र, विष्णु, टिंकू, विजेंद्र, रुकसाना, कमलेश, मंजू, कांजी, रफीक, रामचरण, बाबूलाल, नसीबन, लडबाई, मुस्कान, स्याम सुंदर, रामराज, सरस्वती, गोरो, स्याम लाल, साहिबा, मुबीना आदि लोग शामिल थे।

अंकुश पिचानोत एवं रविना मीना रही प्रथम

गंगापुर सिटी । राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार खेल सप्ताह का आयोजन गया। खेल सप्ताह का शुभारम्भ बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के साथ हुआ, जिसमें दौड, गोला फेंक, तश्तरी फेंक और लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के अंकुश सिंह पिचानोत ने 100०० मीटर, 200०० मीटर दौड और लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। 400०० मीटर दौड में बीए तृतीय वर्ष के सुनील बैंसला, गोला फेंक में इंद्रजीत जोगी और तश्तरी फेंक में बीए द्वितीय वर्ष के सचिन गुर्जर विजेता रहे। महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की रविना मीना ने 100०० और 200०० मीटर दौड में बाजी मारी।

मनीषा मीणा दौड़ में पहले स्थान पर सानिया

हिंडौन सिटी । आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देश अनुसार राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी के प्राचार्य प्रोफेसर पप्पू रामकोली ने बताया की खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम के तृतीय दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

खेल प्रभारी डॉ श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि छात्रा वर्ग में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा मीणा एवं सानिया शाह द्वितीय स्थान पर श्वेता एवं तृतीय स्थान पर सुमन रही। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम स्थान पर अंशिका एवं आयुषी द्वितीय स्थान पर तथा भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम स्थान पर, रानी सोलंकी द्वितीय स्थान तथा फरीदा बानो तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक प्रतियोगिता में रानी सोलंकी ने प्रथम स्थान कविता सैनी द्वितीय स्थान तथा साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में फरीदा बानो ने प्रथम स्थान नेहा ने द्वितीय स्थान तथा सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विवेक सिंह प्रथम स्थान चंद्रपाल द्वितीय स्थान तथा योगेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में योगेश कुमार प्रथम स्थान चंद्रपाल द्वितीय स्थान तथा राजेश योगी तृतीय स्थान पर रहा। 400 मीटर दौड प्रतियोगिता में विवेक सिंह प्रथम स्थान नवीन कुमार मीणा द्वितीय स्थान तथा राजेश योगी तृतीय स्थान पर रहा। गोला फेंक प्रतियोगिता में भूपेंद्र छावडी ने प्रथम स्थान रविंद्र सिंह ने द्वितीय स्थान तथा विवेक सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में मोनू कुमार ने प्रथम स्थान भूपेंद्र छावनी ने द्वितीय स्थान तथा अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में गंगाराम मीणा , डॉ दिनेश कुमार मीणा, डॉ रितेश जैन डॉ श्रीनिवास गुर्जर एवं अजय सिंह डागुर ने रहे। महाविद्यालय के संकाय सदस्य भोली मीणा , राजकुमारी, शालिनी गुप्ता, सुमित विरेटिया तथा कर्मचारी राजू बेनीवाल, अभिषेक डागुर,धीरेंद्र उपस्थित रहे।

स्वेटर पाकर खुश हुए छात्र

करौली । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने के साथ वस्त्रार्पण कार्यक्रम किया गया। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव के लिए टोपा युक्त गर्म स्वेटर वितरित किए गए।मुख्य भामाशाह शिक्षक मनोज कुमार गुप्ता द्वारा 25000 रुपए राशि के स्वेटर प्राथमिक स्तर के सभी विद्यार्थियों को प्रदान किए गए जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य घनश्याम जाटव, उपप्रधाना चार्य दिलीप कुमार शर्मा व्याख्याता राजेन्द्र दीवान, रंगी लाल मीना, महेश चन्द मीना, गंगा सहाय, राजकुमार वर्मा, गोविन्द गुप्ता, अल्पना शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह गुर्जर,हुकम चन्द माली द्वारा इतनी ही राशि के स्वेटर उपलब्ध कराए गए।

रक्तदान शिविर आयोजित करना बेहद पुनीत कार्य : कलेक्टर

हिण्डौन सिटी । रक्त किसी फैक्ट्री में पैदा नहीं होता, मानव जीवन की आवश्यकता व रक्षार्थ एक दूसरे व्यक्ति द्वारा ही इसकी आपूर्ति सम्भव है। ''रक्तदान महादान है'', यह सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, रक्तदान शिविर आयोजित करना बेहद पुनीत एवम् प्रशंसनीय कार्य है। करौली, जिला कलैक्टर नीलाभ सक्सेना एवम् जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने यह उदगार भारत विकास परिषद्, हिण्डौन सिटी द्वारा आगामी 23 फरवरी को आयोजित 54वें स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव की सफ़लता के लिए बैनर का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। शाखा रक्तदान प्रकल्प प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि करौली जिला कलैक्टर नीलाभ सक्सेना एवम् जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने हिण्डौन शहर एवम् क्षेत्र के रक्तदाताओं से अधिकाधिक रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने का आव्हान किया वही शिविर में हरसंभव सहयोग करने को कहा। उन्होंने परिषद् द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में रक्तदाताओं के प्रति एवम् रक्त संठाहण में लगातार नियमावली व मापदंडों का पालन करने की दृढ़ता की प्रशंसा की। विमोचन कार्यक्रम में अपना घर आश्रम के राष्ट्रीय समन्वयक शैलेन्द्र त्यागी भी शामिल हुए। शाखा उपाध्यक्ष नरेश रामपुरा एवम् परिवार संस्कार प्रभारी सत्यप्रकाश जिंदल ने बताया कि परिषद् द्वारा आगामी 23 फरवरी को भामाशाह देवेन्द्र मित्तल, प्रदीप मित्तल एवम् मोहित मित्तल द्वारा स्व. सुशीला देवी मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर 54वां स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव आयोजित किया जाएगा। गत वर्ष प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित किए 48वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 270 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ था। परिषद् द्वारा भामाशाहों के सहयोग से विगत 20 वर्षों से सरकारी ब्लड बैंकों के माध्यम से ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का संचालन कर जरूरतमंदों को उनकी जीवन रक्षा के लिए रक्त उपलब्ध करवाने में सहयोग किया जाता रहा है। परिषद् ने समूचे जिले व आस पास के क्षेत्रों में सबसे प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने एवम् लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की मुहिम चलाई थी इसके परिणाम स्वरूप आज यह क्षेत्र राजस्थान प्रदेश में सबसे बडा रक्त संग्रहण क्षेत्र है। परिषद् के विकलांग सहायता एवम् पुनर्वास प्रकल्प के प्रांतीय प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नियमित अधिकाधिक रक्तदान शिविर आयोजित करने एवम् नए रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रहता है ।

दो तस्कर गिरफ्तार

गंगापुर सिटी । जीआरपी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बडी कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गार्ड लॉबी के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 55.932 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की बाजार कीमत लगभग 7 लाख 31 हजार 696 रुपए आंकी गई है। जीआरपी थाना अधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध शहजाद और विष्णु नाम के दो व्यक्तियों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन अलग-अलग बैग में यह मादक पदार्थ मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया

भरतपुर(निस)। राजस्थान मरू उडान नवाचार तथा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के तहत जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं अठासेन विद्यालय रणजीत नगर में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरपीएस अनिल जसोरिया एवं प्रोठामर साईबर पुलिस थाना विजय सिंह ने साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता के बारे में महिलाओ को बचने व डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के अनजान मोबाईल से अगर उनके पास कॉल आता है तो उससे कैसे बचा जाता है। आजकल साईबर फ्रॉड वाले पुलिस अधिकारी, बैंक अधिकारी बनकर आपसे सूचना लेकर आपके बैंक खाते से सारे पैसे साफ कर लेते है, इनसे सावधान रहते हुए अनजान मैसेज और लिंक को खोलना नही चाहिए। उन्होंने अपने मोबाईल पर आये ओटीपी को किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर नही करने की सलाह दी। कार्यशाला में लगभग 100 महिलाओ ने भाग लिया। इसी के साथ पुलिस विभाग की प्रशिक्षक मिथलेश कुमारी एवं चंचल कुमारी ने महिलाओं के साथ हो रहे शोषण अन्याय एवं दुराचार के प्रति जागरूक किया एवं महिलाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण के गुण सिखाये। महिलाओं को पंच, किक, ब्लॉक अटैक एवं आत्मरक्षा की कई तकनीके बताई गयी। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में भाग लेने वाली 50 महिलाओ को विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ लोगो प्रिन्टेड ट्रेक सूट का वितरण किया गया। मंचासीन अधिकारियों को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं लोगो युक्त मग देकर स्वागत किया गया।

ध्वज पूजन के साथ वार्षिक जगदीश मेले का हुआ आगाज

हिंडौन सिटी । समीपवर्ती जगदीश धाम में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण व जय जगदीश के जयकारों के बीच ध्वजारोपण के साथ पांच दिवसीय बसंत पंचमी के मेले का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद करौली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम थानेदार खेड़ला ने की। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि शिवचरण मीना सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार हरसहाय मीना, विकास अधिकारी ऋषिराज मीना, महेन्द्र नेताजी खेड़ला झंडा पूजन में शामिल हुए ।

उन्होंने जगदीश भगवान के ऐतिहासिक बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए इसे जन जन की अटूट आस्था का केन्द्र बताया। उन्होंने ट्रस्ट के माध्यम से मंदिर के विकास सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने के लिए कहा। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा संचालित धार्मिक गतिविधियों की सराहना करते हुए जगदीश धाम के विकास की बात कही जिस पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने इस दिशा में कार्ययोजना बनाने के लिए आश्वस्त किया। इससे पूर्व मंदिर के महंत पं. मनोज शास्त्री व पं. हरिमोहन शास्त्री सहित पण्डितों ने गणेश जी महाराज, शोड्ष मात्रिका, नवठाह आदि के साथ मेले के प्रधान ध्वज का पूजन करवाया। पूजन के कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला सहित उपाध्यक्ष राजाराम गुर्जर, कैप्टन शीशराम खटाना, सचिव रामविलास धमाड़ी, मंदिर ट्रस्ट के शीशराम खटाना पीसीसी सदस्य, मुरारीलाल नेता,दयाराम ठेकेदार, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, सियाराम वकील, कैप्टेन रतनसिंह, शेर सिंह इब्राहिमपुर, कैप्टन नरपत सिंह, सुठीव सिंह, रामभरोसी अध्यापक, समाजसेवी मास्टर नरेश खटाना, भूपेन्द्र खटाना अधैत, कप्तान सरपंच मेढ़े का पूरा, मुरारीलाल जेईएन निसुरा सहित बारह गांवों के पंच पटेलों ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना व सचिव रामविलास धमाड़ी ने बताया कि 30 जनवरी को कन्हैया दंगल बैठक के गीत आयोजित होगें जिसमें अनेकों पार्टी के गायक प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार 31 जनवरी को सुड्डा पद दंगल का आयोजन होगा जिसमें सुड्डा गायक कलाकार प्रस्तुति देंगे । 1 फरवरी को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हास्य कवि हाकिम सिंह गुर्जर, हास्य सम्राट कवि जगदीश खटाना, हास्य शिरोमणि सबरस मुरसानी, सीमा पुंडीर, मनोज गुर्जर, राजेन्द्र चौधरी, कृष्ण कुमार सैनी, बाबूलाल डीगीया, प्रियतम नायक हरियाणा हास्य और ओज रस कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। 2 फरवरी को मुख्य मेले का आयोजन होगा। जिसमें निकलने वाली रथ यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मंत्री जवाहर सिंह बेढम मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों व पंच पटेलों ने मुख्य अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सहित तहसीलदार, विकास अधिकारी आदि अतिथियों का साफा माला पहना कर व भगवान का छाया चित्र प्रदान कर स्वागत सम्मान किया।

जय जगदीश के जयकारों के बीच ध्वजारोपण के साथ पांच दिवसीय बसंत पंचमी के मेले का शुभारंभ हुआ।

कार्यालय पंचायत समिति करौली

क्रमांक/पसक/लेखा/2024-25/3071-77 दिनांक: 28.01.2025

ई-नीलामी विज्ञापन सूचना-1/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कैलादेवी में दिनांक 26.03.2025 से 12.04.2025 तक चैत्र नवरात्रा पर्व 2025 में लगने वाले मेले में मोटरसाईकिल पार्किंग/कार/बस पार्किंग/मेला ग्राउण्ड में झूला चकरी (मनोरंजन कार्य बस स्टेण्ड), दुर्गा सागर ग्राउण्ड में झूला चकरी का ठेका ई-नीलामी दिनांक 10.02.2025 को प्रातः 11:00 बजे से पंचायत समिति सभागार में ई-बोली खोली या आयोजित की जावेगी। निविदा में भाग लेने हेतु बोलीदाताओं को फोर्म ऑन-लाईन पोर्टल पर http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in दिनांक 05.02.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शुल्क/एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर/अमानत राशि की डी.डी. विकास अधिकारी पंचायत समिति करौली के नाम देय होगी। निविदा की शर्तें ऑन-लाईन एवं कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि/ सरकारी बोली	निविदा शुल्क	धरोहर राशि	शुल्क/ एम.डी. आर.आई. एस.एल.	निविदा डाउनलोड व हार्ड कॉपी जमा कराने का दिनांक व समय	निविदा खोलने का दिनांक व समय	पार्किंग शुल्क 24 घण्टे तक
1	आवास पशु गौशाला (बाडा) व्यवस्था	100000/-	200/-	50000/-	500/-	05-02-2025 से 07.02.2025 तक 06:00 पीएम तक	10.02.2025 को 11:00 एएम से	
2	कैलादेवी मेले में कार पार्किंग	2310000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	100/-
3	मोटरसाईकिल पार्किंग	300000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	30/-
4	मेला ग्राउण्ड में झूला, चकरी (मनोरंजन कार्य)	300000/-	200/-	200000/-	500/-	"	"	20/-
5	दुर्गा सागर ग्रउण्ड में झूला, चकरी (मनोरंजन कार्य)	200000/-	200/-	100000/-	500/-	"	"	20/-
6	सुआ लाल के खेत में मनोरंजन आदि कार्य	100000/-	200/-	500000/-	500/-	"	"	20/-

(अजीत सिंह)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति करौली